




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 14 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 218 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# केरल में सस्पेंस खत्म

## वी.डी. सतीशन होंगे नये मुख्यमंत्री



● नतीजों की घोषणा के दस दिन बाद किया गया सीएम का ऐलान

**नई दिल्ली।** केरल में कई दिनों की राजनीतिक हलचल, बैठकों और अंदरूनी खींचतान के बाद आखिरकार कांग्रेस ने बड़ा फैसला ले लिया है। कांग्रेस नेतृत्व ने वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री चुन लिया है। इसके साथ ही राज्य की राजनीति में नई पीढ़ी के नेतृत्व की शुरुआत मानी जा रही है। दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं दीपादास मुंशी, मुकुल वासनिक और अजय माकन ने उनके नाम का आधिकारिक एलान किया। कांग्रेस नेताओं की तरफ से प्रेस वार्ता में बताया गया कि वीडी सतीशन राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। केरल में विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को वोट डाले गए थे और 4 मई को नतीजे घोषित किया गया। विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की है। बताया गया कि राहुल गांधी ने उनसे मुलाकात के बाद नेतृत्व का फैसला सुनाया। वहीं वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला को भी राहुल गांधी ने फोन कर जानकारी दी कि मुख्यमंत्री पद की दौड़ खत्म हो चुकी है और वीडी सतीशन को चुना गया है।

## देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे।

## दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक आज से शुरू

नई दिल्ली। भारत की मेजबानी में ब्रिक्स के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक गुरुवार से नई दिल्ली में शुरू होने जा रही है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ रहा है। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री व वरिष्ठ प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए विभिन्न देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचने लगे हैं। यह भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स की पहली बड़ी मंत्री स्तरीय बैठक होगी। माना जा रहा है कि यह बैठक इस साल अंत में होने वाले ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन के एजेंडे को तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। नई दिल्ली में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पुष्टि की कि भाग लेने वाले देशों के वरिष्ठ राजनयिक इस बैठक में शामिल होंगे। मंत्रालय ने दो दिवसीय बैठक के दौरान होने वाली चर्चाओं की व्यापक रूपरेखा भी बताई

## अदालत पहुंचीं ममता के खिलाफ लगे नारे



**कोलकाता।** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट परिसर में भारी विरोध और नारेबाजी का सामना करना पड़ा। चुनाव बाद हुई कथित हिंसा से संबंधित एक मामले में पैरवी करने पहुंची ममता बनर्जी जब कोर्ट रूम से बाहर निकल रही थीं, तब वकीलों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नारेबाजी के दौरान कुछ अपशब्दों का भी प्रयोग किया गया। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच ममता ने वकीलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन लोगों ने मुझे मारा है। अदालत में ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल कोई 'बुलडोजर स्टेट' नहीं है और कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए।

## अखिलेश के भाई प्रतीक पंचतत्व में विलीन, ससुर ने दी मुखाग्नि

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक गुरुवार दोपहर पंचतत्व में विलीन हो गए। पत्नी अपर्णा के पिता यानी प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। अखिलेश ने भाई की चिता पर लकड़ी रखी और अंतिम प्रणाम किया। प्रतीक की दोनों बेटियां भी श्मशान घाट पर मौजूद थीं। दोनों ने भी पिता की चिता पर लकड़ी रखी। इससे पहले, प्रतीक की अंतिम यात्रा निकाली गई। हजारों समर्थक साथ-साथ चले और प्रतीक यादव अमर रहे के नारे लगाए। शिवपाल के बेटे आदित्य ने शव को कंधा दिया। लखनऊ में प्रतीक के घर से कुछ दूरी पर ही सपा कार्यालय है। शव को कुछ देर के लिए वहां जमीन पर रखा गया। परंपरा के अनुसार, श्मशान घाट पहुंचने से पहले शव को पांच बार जमीन पर रखा जाता है। प्रतीक एनिमल लवर थे। शव वाहन पर उनकी डॉग्स और बंदर के साथ वाली तस्वीर लगाई गई।

## चुनौतियों के बीच हरे निशान पर बाजार

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से बिकवाली का दबाव झेल रहे बाजार के प्रमुख सूचकांक आज गुरुवार को हरे निशान पर कारोबर करते दिख रहे हैं। सुबह 9 बजकर 22 मिनट पर सेंसेक्स 448.92 (0.60%) अंकों की बढ़त के साथ 75,057.90 के स्तर पर जबकि निफ्टी 139.11 (0.59%) अंक चढ़कर 23,551.70 के स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, शुरुआती कारोबार में बढ़त के बाद बेंचमार्क सूचकांकों पर बिकवाली का जोर दिखा। 10 बजकर 01 मिनट तक सेंसेक्स 83.00 (0.11%) अंकों की बढ़त के साथ 74,691.98 जबकि निफ्टी 52.06 अंकों की बढ़त के साथ 23,464.65 पर कारोबार करता दिखा।

## राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर बीजेपी ने उठायी अंगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी के विदेशी दौरों और उन पर हुए भारी-भरकम खर्च को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पात्रा ने पूछा है कि आखिर इन यात्राओं के लिए फंडिंग का स्रोत क्या है। संबित पात्रा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि साल 2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी ने 54 व्यक्तिगत (निजी) विदेश यात्राएं की हैं। उन्होंने दावा किया कि इन यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जिसमें कोई भी आधिकारिक सरकारी या संसदीय दौरा शामिल नहीं है। पात्रा ने राहुल गांधी के चुनावी हलफनामों का जिक्र करते हुए कहा कि आकलन वर्ष 2013-14 से 2022-23 तक फॉर्म 26 के हलफनामों में उनके द्वारा घोषित आय के विवरण के आधार पर, 10 वर्षों में उनकी कुल घोषित आय 11 करोड़ रुपये थी। ऐसे में सवाल उठता है कि जब आय 11 करोड़ रुपये थी, तो विदेशी यात्राओं पर 60 करोड़ रुपये कैसे खर्च किए गए?

## बंगाल के स्कूलों में वंदे मातरम गीत गाना अनिवार्य

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् गीत गाना अनिवार्य करने का फैसला लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी आधिकारिक निर्देश के मुताबिक यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी और राज्य के सभी छात्रों को स्कूल शुरू होने से पहले प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय गीत गाना होगा। विभाग ने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

## कानपुर फल मंडी में आग, 40 दुकानें खाक़

**कल्याणपुर (कानपुर)।** सचेंडी के चकरपुर मंडी के छह नंबर चबूतरे में गुरुवार को भीषण आग लग गई। करीब 40 दुकाने जलकर खाक हो गई। सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुटी है। चकरपुर मंडी के चबूतरा नंबर 6 पर स्थित मुन्ना ब्रदर्स की फल की आढ़त है। जहां पर गुरुवार दोपहर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट पर ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आढ़त में काम करने वाले कर्मचारियों के गैस सिलिंडर और प्लास्टिक की क्रेटो की वजह से आग और ज्यादा भड़क गई। 50 मीटर ऊंचाई तक आग की लपटें दिखाई दीं।

## ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी आग, चार की मौत, 10 गंभीर

**नई दिल्ली।** गुजरात में देर रात चोटिला-राजकोट हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना हो गई। राजकोट से चोटिला जा रही एक निजी बस और डामर से लदे एक ट्रक से टकरा गई। इस टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। करीब 15 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सुरेंद्रनगर के चोटिला स्थित खोलिया गांव के पास हाईवे पर देर रात एक निजी बस और डामर से लदे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। ट्रक का टायर फटने के कारण पीछे से आ रही निजी बस उससे टकरा गई।

# गोवंश की हत्या पर बंगाल सरकार सख्त

● सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध संगीन अपराध घोषित



**कोलकाता।** बंगाल में अब सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध करना न केवल धार्मिक या सामाजिक वर्जना है, बल्कि कानूनन एक 'संगीन अपराध' की श्रेणी में आएगा। कलकत्ता हाई कोर्ट के कड़े रुख के बाद, राज्य की नई भाजपा सरकार ने 'पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950' को सख्ती से लागू करने के लिए नई अधिसूचना जारी कर दी है। इस फैसले के साथ ही राज्य में खुले में पशु बलि या वध की परंपराओं और अवैध बूचड़खानों पर लगाम कसने की तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य सरकार द्वारा जारी आठ सूत्रीय अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह कदम हाई कोर्ट के 2018 के ऐतिहासिक फैसले और 2022 के सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। नई गाइडलाइंस के तहरत सांड, बैल, गाय, बछड़ा, भैंस और भैंस के बछड़ों जैसे किसी भी जानवर का वध तब तक नहीं किया जा सकेगा, जब तक कि उसके लिए आधिकारिक 'फिटनेस सर्टिफिकेट' प्राप्त न कर लिया जाए।

# चलती बस में दुष्कर्म

● ड्राइवर और हेल्पर ने दिया घटना को अंजाम



**पश्चिमी दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में चलती बस के अंदर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एक प्राइवेट बस में महिला के साथ ड्राइवर और कंडक्टर ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार इलाके में महिला बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक स्लीपर बस आकर वहां रुकी। महिला ने दरवाजे पर खड़े व्यक्ति से टाइम पूछा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसे बस के अंदर खींच लिया इसके बाद करीब सात किलोमीटर तक बस को चलाते रहे और इसी दौरान महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। रात करीब 2 बजे आरोपी उसे सड़क पर उतारकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान सुदेश (30) और अमन (26) के रूप में हुई है। सुदेश बस का ड्राइवर है और अमन बस का हेल्पर है।

# ताइवान पर चीन की अमेरिका को दो टूक

## एक भी गलत कदम से शुरू हो जाएगी जंग

● दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में बैठक



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच ताइवान को लेकर तनाव एक बार फिर खुलकर सामने आया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को साफ चेतावनी दी है कि अगर ताइवान के मुद्दे को सही तरीके से नहीं संभाला गया, तो दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है। दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों की सबसे संवेदनशील और अहम कड़ी है। अगर इस मुद्दे को सावधानी और समझदारी से संभाला गया, तो दोनों देशों के रिश्तों में स्थिरता बनी रह सकती है। लेकिन अगर इसमें दखल बढ़ा या गलत कदम उठाए गए, तो इससे पूरे द्विपक्षीय संबंध खतरे में पड़ सकते हैं। टकराव और संघर्ष की आशंका बढ़ सकती है। इस अहम चेतावनी के बीच ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में हुई। दोनों नेताओं के बीच यह बैठक ऐसे समय हुई है जब अमेरिका और चीन के रिश्तों में व्यापार, तकनीक, टैरिफ, इंडो-पैसिफिक रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर पहले से तनाव बना हुआ है।




जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 39.3°C
● तापमान न्यूनतम : 24.8°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 14 मई, गुरुवार 2026 (3)







# सपा सांसद की टिप्पणी पर भड़की भाजपा

## महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन, बुलन्द किए नारे

### ● सपा के रीति-नीति की निंदा के साथ माफी की मांग




**वाराणसी।** हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और समाजवादी पार्टी के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर विभिन्न नारे लिखे हुए थे। इनमें 'अखिलेश यादव शर्म करो', 'प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान', 'सपा सांसद माफी मांगो' जैसे नारे शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विनीता सिंह, महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल, मंडल अध्यक्ष सीमा यादव, सरिका गुप्ता, ममता पटेल, मुमताज बानो, पिंकी श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और उनके सांसद की टिप्पणी की कड़ी निंदा की। महिलाओं ने अपने नारेबाजी के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे अपने प्रधानमंत्री का सम्मान करती हैं और किसी भी प्रकार के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगी। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपने सांसद की टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा ने इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी की नीतियों पर भी सवाल उठाए और कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से समाज में नकारात्मकता फैलती है।

### मार्कण्डेय महादेव घाट पर युवक की डूबने से मौत

**वाराणसी।** क्षेत्र के कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव घाट पर गुरुवार की सुबह गंगा स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सौरभ तिवारी (30) पुत्र विजय शंकर तिवारी निवासी रिश्ती सादात, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि सौरभ अपनी माता कुसुम तिवारी के साथ गंगा स्नान एवं बाबा मार्कण्डेय महादेव के दर्शन करने आया था।

## सामूहिक विवाह परिणय सूत्र में बंधे 152 जोड़े



### ● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चोलापुर एवं हरहुआ विकास खण्ड के प्रांगण में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के मांगलिक बेला पर चोलापुर तथा हरहुआ विकास खण्ड क्षेत्र के कुल 152 जोड़े परिणय सूत्र में बधे। शादी के जोड़े शामिल वर-वधू तथा घराती व बाराती पक्ष के लोग यहां पहुंचे, जिसमें अल्पसंख्यक के 02 जोड़ें, पिछड़ा वर्ग के 23 जोड़ें, अनुसूचित जाति के 125 जोड़ें व अनुसूचित जनजाति के 02 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें चोलापुर ब्लॉक के 84 एवं हरहुआ के 68 जोड़ों ने भाग लिया।

### विकास इंटर कालेज के दो छात्रों का भारतीय एथलेटिक्स टीम में चयन

**वाराणसी।** एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 20 का आयोजन हांगकांग में 28 से 31 मई तक किया जा रहा है। भारतीय टीम में वाराणसी के विकास इंटर कालेज के दो छात्र अंशु रजक और अभय कुमार दुबे का चयन हुआ है। अभय कुमार दुबे चार गुण चार सौ मीटर रिले रेस और मिक्सड रिले रेस में तथा अंशु रजक चार गुण सौ मीटर रिले रेस में पदक के लिए दौड़ेंगे।

## निराश्रित गोवंशों के लिए चलाया जा रहा दान-अभियान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के संरक्षण और भरण-पोषण के लिए चलाए जा रहे दान अभियान में पशुपालन विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विशेष रूप से पशुधन प्रसार अधिकारी संवर्ग द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से भूसा एवं धनराशि एकत्रित करने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक 600 कुंतल से अधिक भूसा प्रत्यक्ष दान अथवा प्राप्त धनराशि से क्रय कर विभिन्न निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में सुरक्षित भंडारित कराया जा चुका है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा गांव-गांव एवं घर-घर जाकर पशुपालकों, किसानों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को गोसेवा हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विभागीय कर्मियों की सक्रियता एवं समर्पण के कारण बड़ी संख्या में लोग इस पुण्य कार्य से जुड़ रहे हैं।

### सफाई कर्मियों को 1 अप्रैल से ही मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सफाईकर्मियों द्वारा कल बुधवार को नगर के कई चौराहों पर कूड़ा बिखेरकर प्रदर्शन करने के बाद हरकत में आए निगम प्रशासन ने आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाई कर्मियों का वेतन एक अप्रैल 2026 बढ़ाने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब आउटसोर्सिंग के सफाई कर्मियों को प्रतिमाह 13,006 रुपये मानदेय मिलेगा । यही नहीं करीब चार हजार सफाई कर्मियों को पिछले दो माह का एरियर (बकाया) भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने स्पष्ट किया कि वेतन वृद्धि संबंधी शासनादेश इसी माह प्राप्त हुआ है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### अपर मुख्य सचिव ने सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे मनाने के लिए किया प्रेरित

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी एवं मिर्जापुर मंडल की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश ----- के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीएमओ डॉ राजेश प्रसाद, एसएसपीजी के सीएमएस डॉ बृजेश कुमार आदि लोग ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के 90 मानकों के आधार पर सभी वाराणसी, मिर्जापुर मंडलों के चिकित्सा इकाइयों और चिकित्सा विभागों की सघन समीक्षा की गई है। बैठक में वाराणसी मंडल की रिपोर्ट विंध्याचल मंडल द्वारा विंध्याचल मंडल की रिपोर्ट वाराणसी मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### दी प्राइम सिटी मल्टी स्पेशयलिटी अस्पताल का उद्घाटन कल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट चिकित्सा एवं विश्वसनीय सेवाओं में एक महत्वपूर्ण पहल सारनाथ स्थित मवईयां रेणूनगर कालोनी में 'दी प्राइम सिटी मल्टीस्पेशयलिटी हॉस्पिटल का शुभारम्भ किया गया। दी प्राइम सिटी अन्तर्गत आधुनिक चिकित्सा सुविधा, अत्याधुनिक उपकरण तथा अनुभवी चिकित्सकों की टीम के साथ मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं सहित विभिन्न विशेषज्ञ विभागों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी है। शुक्रवार 15 मई को अस्पताल के चेयरमैन डा. राकेश सिंह एवं डायरेक्टर डा. एस.डी. राय की उपस्थिति में अस्पताल का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त, सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी विदुष सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे।

### मंडलीय चिकित्सालय में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शासन की मंशा के अनुरूप भारत को अनुरूप डिजिटल इंडिया बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए एसएसपीजी मंडलीय जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी के कैश काउंटर पर एक नवाचार करते हुए स्टेट बैंक आफ इंडिया की एक नई आधुनिक डिजिटल भुगतान प्रणाली की मशीन पोस POS अर्थात पॉइंट ऑफ सेल मशीन की स्थापना कर शुभारंभ किया गया है। जो कि मरीज के हित व जनहित में है। वह सुरक्षित एवं समय उपयोगी भी है।

## पीएम की अपील पर व्यापारियों ने किया अमल

### ● साइकिल खरीद कर दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर उद्योग व्यापार समिति द्वारा प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए महानगर उद्योग व्यापार समिति के पूर्व उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आज एक प्रेरणादायक पहल की। समिति के पदाधिकारियों ने लहुराबीर स्थित दिनेश कालरा की साइकिल दुकान पर पहुंचकर साइकिलों की खरीदारी की तथा व्यापारियों एवं आमजन को साइकिल के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रजनीश कनौजिया, महामंत्री संगठन राहुल मेहता ने समाज को संदेश दिया कि देशहित में व्यापारी समाज प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है और ईंधन बचत जैसे राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। समिति के अध्यक्ष श्रीनारायण खेमका, महामंत्री अशोक जायसवाल व मीडिया प्रभारी सुरेश तुलस्यान ने बताया कि यदि देश में विभिन्न क्षेत्रों में मात्र 10 प्रतिशत बचत की जाए तो भारत को अरबों डॉलर की आर्थिक बचत हो सकती है।

## साजन तिराहे पर बड़े नाले के सफाई कार्य का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त, हिमांशु नागपाल द्वारा साजन तिराहा पर बड़े एवं गहरे नाले के सफाई कार्य का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेतावनी देते कहा कि नाले पर किए गए अतिक्रमण को अतिक्रमणकारी स्वयं हटा लें अन्यथा की स्थिति में जुर्माना वसूल करते हुए अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए समयबद्ध तरीके से हर हाल में नाले का सफाई कार्य पूरा हो जाना चाहिए। उक्त सजन तिराहा के पास गहरे नाले में अत्यधिक सिल्ट जमा होने के कारण इनकी तल्ली झाड़ सफाई कराए जाने के साथ ही निकलने वाले सिल्ट की उठान 24 घंटे के अंदरङ उक्त स्थान से हर हाल में हटाकर निर्धारित स्थान पर निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। जिससे स्वच्छता के साथ ही यातायात भी सुचारू रहेंगे।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सनातन को गाली देने वाले राष्ट्रद्रोही



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनातनी समाज की विशेष सभा वाराणसी के दिंगबर जैन मंदिर परिसर में हुई, जिसमें देश में सनातन धर्म को गाली देने वालों और उसे नकारने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भारत सरकार से मांग की गई । अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए सनातनी पं.अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि सनातन को अपशब्द कहने वाले सनातन भारत के द्रोही हैं और राष्ट्रद्रोही भी हैं। इनके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेकर कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। सनातनी रामगोपाल सराफ ने कहा कि ऐसी घृणात्मक बातें करके सनातन धर्म-संस्कृति को अपमानित करने वालों को जेल में डाल देना चाहिए । सनातनी डॉ.दिनेश सिंह ने कहा कि सनातन का विरोध साक्षात ईशनिंदा के समान है । शिव ही सनातन हैं । उपस्थित लोगों में डॉ.बी.एन. द्विवेदी, ई.एस.एन. पांडेय, पं.राधिका रंजन तिवारी, रतन गुरु, रुद्र पांडेय, काशीनाथ, धुरबटोर आदि मौजूद थे।

### नगर निगम में अब हर शनिवार 'नो फ्यूल डे'

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत कम करने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के आह्वान का असर अब काशी में दिखने लगा है। महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर निगम के पार्षदों ने देशहित में एक बड़ा और अनुकरणीय निर्णय लिया है। अब नगर निगम के जनप्रतिनिधि सप्ताह में एक दिन यानी हर शनिवार को पेट्रोल या डीजल से चलने वाले निजी वाहनों का त्याग करेंगे। अर्थात् शनिवार को 'नो फ्यूल डे' के रूप में मनाया जाएगा । नगर निगम मुख्यालय स्थित महापौर कक्ष में बुधवार को पार्षदों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व उयसभापति सुरेश चौरसिया, श्याम आसरे मौर्य, अतुल पांडेय, मदन मोहन तिवारी, इर्देश कुमार, बलराम कन्नौजिया, अशोक मौर्या, प्रवीण राय, सुरेश गुप्ता योगी, मदन मोहन दुबे, सहित अन्य पार्षद शामिल थे ।



## चंदौली समाचार

### दुकान खोलने पहुंचे युवक की करेंट लगने से मौत



**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) के अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित कुचमन गांव में गुरुवार सुबह करेंट लगने से एक युवा दुकानदार की मौत हो गई।

मृतक की पहचान 30 वर्षीय रिशु सिंह के रूप में हुई है, जो गांव में ही परचून की दुकान चलाते थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह रिशु सिंह रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दुकान के अंदर बिजली का तार खुला हुआ था। जैसे ही उन्होंने स्विच या तार को छुआ, वह तेज करेंट की चपेट में आ गए। करेंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उन्हें वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चंदौली जिला अस्पताल भेज दिया। अलीनगर थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान की बिजली व्यवस्था लंबे समय से खराब थी। घटना के बाद क्षेत्र में बिजली सुरक्षा और वायरिंग की नियमित जांच को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### कलेक्ट्रेट में बेहोश होकर गिरे होमगार्ड की मौत

**सुल्तानपुर।** कलेक्ट्रेट में बुधवार दोपहर कोतवाली देहात के मलिकपुर अहिरौली निवासी होमगार्ड शिवमूर्ति यादव (50) बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि शिवमूर्ति की ड्यूटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में थी। बुधवार दोपहर करीब 3:15 बजे वह पुलिस अधीक्षक के वाचक कार्यालय से डाक लेकर कलेक्ट्रेट स्थित असलहा बाबू के कार्यालय के लिए निकले थे। कलेक्ट्रेट में असलहा बाबू के कार्यालय से बाहर वे बेहोश होकर गिर पड़े। कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों और साथी होमगार्ड जवानों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। उनकी मौत पर होमगार्डों ने शोक जताया है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

## मीरजापुर समाचार

### 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में वन दारोगा गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई



**मीरजापुर।** एंटी करप्शन टीम की ने हलिया पुराने वन रेंज आवासीय परिसर से बुधवार शाम को चंदौली निवासी हलिया रेंज के वन दारोगा सूरज पांडेय को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी दरोगा का हाथ धुलवाया गया तो रुपये में लगे केमिकल से हाथ रंगीन हो गया। इसके बाद टीम उसे गिरफ्तार कर हलिया थाने ले गई। जहां पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

कौशांबी के थाना सराय अकील क्षेत्र स्थित बहुगरी गांव निवासी राजेंद्र सिंह का दो हाइवा से बालू ढोया जाता है। मध्य प्रदेश से बालू लादकर चालक मिर्जापुर रेलवे ले जाते हैं। वन दरोगा अप्रैल में हाइवा को अपने पुराने रेंज आफिस के सामने रोक लिया था। चालक ने जानकारी मालिक राजेंद्र सिंह को देते हुए वन दारोगा से बात कराई। दरोगा ने पांच-पांच हजार रुपये लेकर हाइवा छोड़ने को कहा लेकिन दरोगा नहीं माना। एक हाइवा का 10 हजार रुपये मांग रहा था। राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक बार 20 हजार रुपये ले चुका था। फिर रुपये मांगा था। 14 मई को फिर रुपये देने के लिए बुलाया था। इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की।

एंटी करप्शन के निरीक्षक पतिराम ने बताया कि पीड़ित के शिकायत की जांच के बाद वन दरोगा को पकड़ने के लिए टीम को तैयार किया गया।

## मऊ समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर दी जान

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के चांदमारी इमिलिया मोहल्ले में बुधवार को एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार चांदमारी इमिलिया निवासी सत्येंद्र कुमार (34) बुधवार शाम करीब चार बजे अपने घर की दूसरी मंजिल पर गए, जहां उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों को शक हुआ। इसी दौरान वृद्ध मां की नजर उन पर पड़ी तो वह चीखने-चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

## आजमगढ़ समाचार

### शादी से लौटते समय वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**अहरौला।** थाना क्षेत्र के शाहपुर से केदारपुर नहर रोड पर मंगलवार की देर शाम करीब सात बजे वाहन की टक्कर से बाइक सवार संजय निषाद (28) की मौत हो गई। शंभूपुर गांव के निषाद बस्ती निवासी चाचा शमशेर निषाद ने बताया कि संजय निषाद दो भाइयों में छोटा था और मुंबई में रहकर टाइल्स लगाने का काम करता था। वह चार दिन पहले ही परिचित के शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया हुआ था। मंगलवार की शाम वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। वह अभी केदारपुर गांव के पास नहर रोड पर पहुंचा ही था कि सामने से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे लहूलुहान हालत में अंधेरे में पड़ा था।

रास्ते से जाते हुए राहगीरों ने देखा तो इसकी सूचना अहरौला पुलिस को दी। लगभग 8:00 बजे अहरौला पुलिस पहुंची तो गाड़ी के कागजात से घायल की पहचान हुई और सूचना दी गई। बेहोशी की हालत में घायल को उपचार के लिए अहरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी ले जाते समय रात में करीब 11 बजे रास्ते में ही संजय की मौत हो गई। थानाध्यक्ष मंतोष कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात वाहन से घटना की तहरीर मृतक ने चाचा की तरफ से दी गई है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जौनपुर समाचार

### कार को ओवरटेक करने में ऑटो से भिड़ी बाइक, युवक की गई जान

**खेतासराय।** अब्बोपुर बाजार के पास खलौतीपुर गांव के मोड़ पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक सामने से आ रहे ऑटो रिक्शा से सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर पर गंभीर चोटें आईं और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मानीकला गांव निवासी शिवसहाय बिंद (40) अपने परिवार के साथ मानी खुर्द गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बुधवार दोपहर परिवार के घर लौटने की तैयारी के बीच, शिवसहाय अपने एक रिश्तेदार को बस पकड़वाने अब्बोपुर बाजार छोड़ने गए थे। रिश्तेदार को छोड़कर अकेले घर लौटते समय खलौतीपुर मोड़ पर यह हादसा हो गया।

## गोरखपुर समाचार

### खुला नाला बना मौत का कुआंः मजदूर की गई जान, 3 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**गोरखपुर।** वह शाहपुर इलाके के लक्ष्मीपुर चौराहे पर चौरसिया डेयरी में पिछले चार साल से काम करते थे। वह डेयरी में ही रहते भी थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम 5:30 बजे के करीब सब्जी लेने के लिए निकले थे। चौराहे पर पहुंचने के बाद ब्यासनगर कॉलोनी जाने वाले रास्ते की तरफ से निर्माणाधीन नाले को क्रॉस कर रहे कि अचानक नीचे गिर गए और सरिया शरीर में धंस गया। शाहपुर इलाके के पादरी बाजार चौराहे के पास मंगलवार रात आठ बजे के करीब निर्माणाधीन नाले में गिरने से मजदूर हंसराज यादव (68) की मौत हो गई। उसके पेट से सरिया आर-पार हो गया। बताया जा रहा है कि नाला निर्माण के दौरान सड़क किनारे बैरिकेडिंग नहीं की गई थी सिर्फ एक संकेतक पट्टी लगाई गई थी। मामले में जेई को निलंबित कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने सरिया में फंसे मजदूर को निकालकर बाहर रखा। इसके बाद पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हंसराज देवरिया जिले के रामपुर कारखाना के गौरा गांव निवासी थे। जानकारी के अनुसार, वह शाहपुर इलाके के लक्ष्मीपुर चौराहे पर चौरसिया डेयरी में पिछले चार साल से काम करते थे। वह डेयरी में ही रहते भी थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम 5:30 बजे के करीब सब्जी लेने के लिए निकले थे। चौराहे पर पहुंचने के बाद ब्यासनगर कॉलोनी जाने वाले रास्ते की तरफ से निर्माणाधीन नाले को क्रॉस कर रहे कि अचानक नीचे गिर गए और सरिया शरीर में धंस गया। गिरते देख आसपास के लोग जुट गए और वहां से निकालकर बाहर रखा। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया लेकिन वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद देवरिया से परिवार के लोग आ रहे हैं। मजदूर के नाले में गिरने की सूचना के बाद टीम पहुंची और अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## गाजीपुर समाचार

### हाईवे के किनारे अचेत मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र के ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे 124-सी के किनारे उतरौली गांव के पास चार दिन पूर्व अचेत अवस्था में मिले युवक की बुधवार को वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की पहचान गोपालपुर गांव निवासी श्रीकांत यादव (30) के रूप में हुई थी। थानाध्यक्ष राजू दिवाकर ने बताया कि चार दिन पूर्व राहगीरों ने हाईवे किनारे एक युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा था। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे थे और युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि युवक के चाचा राजदेव यादव ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी है।

## सोनभद्र समाचार

### पॉपकार्न के रोजगार करने वाले कारीगरो को मिलेगा निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन



**सोनभद्र।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री गौतम त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु जनपद को मुख्यालय द्वारा 8 नग का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निःशुल्क संचालित टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों एवं उद्योग में रुचि रखने वाले प्रशिक्षण प्राप्त एवं अनुभवी व्यक्ति कार्य करने वाले इच्छुक उद्यमियों को निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन देकर स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। पॉपकार्न बनाने वाले इच्छुक कारीगर/उद्यमी बोर्ड की वेबसाइट की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूल किट्स हेतु पंजीकरण कर सकते है और पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 25.05.2026 निर्धारित की गयी है, आवेदन ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा किया जाना है।

निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार्य नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के सी00जी0 मो0नं0 9580503175 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## देवरिया समाचार

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**रुद्रपुर।** एकौना थाना क्षेत्र के पचलड़ी सुल्तानी रोड पर मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली से लकड़ी लेकर घर जा रहा था तभी गाड़ी बंधे के नीचे गिर गई। सीने में गंभीर चोट लगने से युवक की मौत हो गई। सुल्तानी निवासी सोनू मल्ल (24) पुत्र राम आधार मल्ल मंगलवार की शाम पिंडरा घाट स्थित आरा मशीन से लकड़ी कटवाने गया था। करीब एक घंटे बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घर के लिए निकल पड़ा। पचलड़ी सुल्तानी रोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बंधे के करीब दस फिट नीचे गिर गया। सोनू ट्रैक्टर के नीचे दब गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर घर चले गए। कुछ देर बाद सीने में दर्द बढ़ने के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घर वालों ने उसका दाह संस्कार कर दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

## प्रयागराज समाचार

### लाठी-डंडे से पीटकर पिता की हत्या, शव को घर के पीछे खेत में दफनाया, वजह जानकर चौंक गई पुलिस



**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के सिठोली गांव में दो दिन पहले बेटे ने अपने वृद्ध पिता की हत्या कर शव को घर के पीछे खेत में दफना दिया। सूचना पर उतरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी बेटे से पूछताछ कर शव को खुदवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना को लेकर हर कोई हैरान है। आरोपी पुत्र मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। उसका कहना है कि उसको खाने में नमक रोटी देते थे इसलिए लाठी-डंडे से पीटकर पिता की हत्या कर दी। सिठोली गांव निवासी दयाराम यादव (60) की हत्या कर दी गई। दो दिन पहले सबसे छोटे बेटे विजय कुमार यादव ने रात में लाठी-डंडे से पीटकर उनकी हत्या कर दी। शव को घर के पीछे खेत में ले जाकर दफन कर दिया। परिवार में कोई नहीं होने के कारण किसी को घटना के बारे में पता नहीं चला। बुधवार को विजय अपने पिता की कब्र पर मिट्टी फेंक रहा था। इस बात की शंका उसके चचेरे भाई को हुई तो उसने घटना की जानकारी पुलिसि को दे दी। मौके पर पहुंची उत्तरांव पुलिस ने विजय कुमार को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पिता की हत्या की बात स्वीकार की। कारण पूछने पर बताया कि खाने में नमक रोटी देते थे इसलिए हमने पिता की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने विजय कुमार की निशानदेही पर शव को कब्र से खुदवा कर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

मृतक दयाराम यादव चार भाइयों में सबसे छोटे थे। इनके तीन बेटे थे। सबसे छोटा बेटा विजय कुमार था। दूसरे नंबर का बेटा संजय हत्या के मामले में जेल में बंद है। पहले नंबर का बेटा परिवार सहित बाहर रहता है। पत्नी लकवाग्रस्त हैं। थानाध्यक्ष उतरांव विनय कुमार सिंह ने बताया की पिता के हत्या आरोपी बेटे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। तहरीर मिलने पर विधि कार्यवाही की जाएगी।

## बलिया समाचार

### राज की क्राइम हिस्ट्री पर खुफिया विभाग की नजर, राजनीतिक संबंधों की भी जुटाई जा रही जानकारी



**बलिया।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या में संलिप्तता मिलने पर कोलकाता पुलिस ने बक्सर बिहार से मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्या और तीसरे आरोपी राज सिंह निवासी आनंद नगर को गिरफ्तार कर चुकी है। यूपी एसटीएफ और कोलकाता पुलिस राज सिंह को अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र से नौ मई को पकड़ कर बंगाल लेकर चली गई थी। पुलिस का खुफिया विभाग राज की क्राइम हिस्ट्री व राजनैतिक संबंध की जानकारी कर रहा है। अपराध से अर्जित चल अचल संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही है। राज की गिरफ्तारी होने के बाद उससे जुडे .लोग अडरग्राउंड चल रहे हैं, कोई कुछ बताने के लिए तैयार नहीं है। मां जामवंती देवी ने पीए हत्याकांड के दिन राज के आनंद नगर स्थित आवास पर रहने का सीसी टीवी का वीडियो जारी किया है। कहा कि मेरा बेटा आज तक कोलकाता नहीं गया है, उसे बेवजह फंसाया जा रहा है। अधिवक्ता बहन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दीवानी के अधिवक्ता हरिवंश सिंह ने पश्चिम बंगाल पुलिस पर अपने मुवक्किल राज सिंह की गिरफ्तारी के दौरान कानूनी प्रक्रिया का पालन न करने का भी आरोप लगाया। मोहल्लावासियों के अनुसार, राज सिंह उर्फ चंदन बचपन से मनबढ़ किस्म का है। पिता के शिक्षक व मां के डाकघर में नौकरी करने के कारण उसकी शिक्षा धरहरा स्थित सीबीएसई स्कूल में हुई थी। कम समय में पहचान बनाने व पैसा कमाने की ललक में राज अपराध के दलदल में फंसता गया।

## भदोही समाचार

### 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी 18 लोगों की मौत, पीपा पुल बहा, ट्रेनें रुकीं



**भदोही।** जिले में बुधवार को दिनभर की तपिश के बाद शाम साढे पांच बजे 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 70 से अधिक पेड़ गिर गए। सभी मौतें पेड़, दिवार और खंभे की चपेट में आने से हुई। आंधी के कारण ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर नीम का पेड़ ट्रैक के ऊपर लगे 25 हजार वोल्ट के विद्युत तार पर गिर गया। इससे इस रूट पर सभी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया। चार ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर रोकनी पड़ीं।

आंधी और तूफान से जिले की बिजली व्यवस्था भी बेपटरी हो गई। रामपुर घाट और नेवढिया का पीपा पुल भी तेज हवाओं के कारण बह गया। ओले भी गिरे।

जिले में सुबह से ही तेज धूप थी। शाम को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज आंधी के बीच बारिश भी हुई। करीब 18 मिनट तक तेज आंधी चली। मौसम विभाग के अनुसार आंधी की रफ्तार करीब 80 किलोमीटर प्रतिघंटे थी।

कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के प्रभारी अजीत चतुर्वेदी ने बताया कि मौसम में अचानक से बदलाव का कारण दो दिन में तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि रही है। जिसके कारण वायुमंडलीय दबाव बना और तेज हवाओं के साथ बारिश और तूफान की स्थिति बनी रही।

तेज आंधी से बुधवार को जिले भर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। कम से 12 जगहों पर बिजली के खंभे और तार टूटकर गिर गए। वहीं चार से पांच हाईटेंशन टॉवर भी गिर गए।

आंधी रुकने के बाद बिजलीकर्मी राहत बचाव कार्य में जुट गए। 33000 हाई टेंशन के भी पांच खंभे गिर गए। बिजली गुल हो गई।

## लाइफ मंत्र

### कैलाश यात्रा करने से पहले पढ़ें भगवान शिव के धाम से जुड़े अनसुलझे रहस्य

अगर आप साल 2026 में महादेव के निवास स्थान, कैलाश मानसरोवर जाने का सपना देख रहे हैं, तो अपनी प्लानिंग करने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। एक तरफ महादेव का बुलावा है, तो दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई का तगड़ा झटका। इस साल कैलाश यात्रा के खर्च में भारी बढ़ोतरी हो गई है और यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला है 35,000 का बड़ा झटका। आखिर क्यों अचानक बढ़ गए दाम और क्या है इस पर्वत का वो रहस्य जिसे आज तक नासा NASA भी नहीं सुलझा पाया। तो आइए विस्तार से जानते हैं कैलाश मानसरोवर यात्रा के बारे में-



सबसे जानते हैं उस खबर के बारे में जिसने श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी है। साल 2026 में कैलाश मानसरोवर यात्रा के बजट में कुल 35,000 की भारी बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल तक जो यात्रा लगभग 1.74 लाख में हो जाती थी, उसका खर्च अब 2.09 लाख तक पहुंच गया है।

**क्या इसका कारण है?**

इसकी सबसे बड़ी वजह है अमेरिकी डॉलर की बढ़ती कीमत। चूंकि यात्रा का एक बड़ा हिस्सा चीन और विदेशी सेवाओं के भुगतान से जुड़ा है, इसलिए डॉलर महंगा होते ही आपकी यात्रा भी महंगी हो गई। इसमें से करीब 65,000 आपको सीधे कुमाऊं मंडल विकास निगम (KMVN) को देने होंगे, जो आपकी सुविधाओं का ख्याल रखते हैं।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा से जुड़ी खास बातें**

कैलाश पर्वत के पास जाते ही 'टाइम' की गति बदल जाती है। यात्रियों का दावा है कि यहां उनके बाल और नाखून 2-3 दिनों में ही इतने बढ़ जाते हैं जितने सामान्य तौर पर 2 हफ्तों में बढ़ते हैं।

क्या आप जानते हैं कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर हज़ारों लोग चढ़ चुके हैं, लेकिन कैलाश पर्वत पर आज तक कोई नहीं चढ़ पाया! कई पर्वतारोहियों ने कोशिश की, लेकिन जैसे ही वो ऊपर चढ़ते हैं, दिशा भ्रमित हो जाते हैं या अचानक मौसम जानलेवा हो जाता है। लोग कहते हैं यहां आज भी महादेव साक्षात निवास करते हैं।

यहां की हवाओं में एक निरंतर गूंज सुनाई देती है, जैसे कहीं दूर शंख बज रहा हो या कोई 'ॐ' का जाप कर रहा हो। विज्ञान कहता है कि यह बर्फ के पिघलने की आवाज़ है, पर भक्तों के लिए यह शिव की ध्वनि है।

**दो झीलों का रहस्य**

यहां दो झीलें हैं, मानसरोवर (मीठे पानी की झील) और राक्षस ताल (खारे पानी की झील)। एक का आकार सूर्य जैसा है और दूसरी का चंद्रमा जैसा। हैरानी की बात यह है कि राक्षस ताल का पानी इतना शांत है कि वहां कोई लहर नहीं उठती और ना ही कोई जीव वहां जीवित रहता है।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा के रास्ते और नियम**

समुद्र तल से 22,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस धाम तक पहुंचने के 3 मुख्य रास्ते हैं।

**लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड):** यह सबसे छोटा रास्ता है (65 किमी)।

**काठमांडू (नेपाल):** यह सबसे लोकप्रिय रास्ता है (500 किमी)।

**नाथुला दर्रा (सिक्किम):** लंबी दूरी का रास्ता (802 किमी)।

**कौन जा सकता है?**

कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले यात्री की उम्र 18 से 70 साल के बीच होनी चाहिए। मेडिकल सर्टिफिकेट सबसे ज़रूरी डॉक्यूमेंट है, क्योंकि कम ऑक्सीजन में सर्वाइव करना सबके बस की बात नहीं। यात्रा से पहले दिल्ली में 3 दिन की कड़ी ट्रेनिंग और मेडिकल टेस्ट से गुज़रना पड़ता है। कैलाश पर्वत सिर्फ हिंदुओं के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए पवित्र है।

# अंधविश्वास पर विश्वास



यह सम्मान की बात है जी, कि सबसे ज्यादा ट्रम्प चालें सहने वाले अमेरिका में कितने ही मामलों में हमारी नक़ल की जा रही है। हमारे आम और प्रसिद्ध लोगों की तरह, वहां के प्रभावशाली, प्रतिभाशाली और दूसरे लोग भी टोने टोटकों पर काफी भरोसा करने लगे हैं। कोई ऑनलाइन तांत्रिक को साध रहा ताकि उसकी शादी के दिन मौसम सुहावना रहे। हमारा समाज दिन में चार गुनी, रात में आठ गुनी तरक्की कर रहा है। हर तरफ एक दूसरे से आगे निकल रहे हैं हम। करोड़पति बढ़ते जा रहे हैं। नकली बुद्धि हर एक की प्रेमिका हो गई है। विकासजी सातवें आसमान पर विराजमान हैं। प्रशंसनीय बात यह है कि इतना कुछ नया नया होने के बावजूद, हम अभी भी अपनी सांस्कृतिक और पौराणिक परम्पराएं निभा रहे हैं। दुनिया आशा भरी नज़रों से हमारी तरफ देख रही है। पहले हम पश्चिमी देशों की नक़ल करते थे अब वे हमारी कर रहे हैं। हर देश, क्षेत्र और संप्रदाय के अपने अपने लोकप्रिय विश्वास और प्रिय अंधविश्वास होते हैं, हमारे भी हैं। बदलते वक़्त के साथ इनमें ज़रूरी बदलाव आते हुए बढ़ोतरी हो रही है। कई अवसरों पर तो गर्व का अनुभव होता है कि अंधविश्वास पर विश्वास कम नहीं हुआ जी हमारा। यह सम्मान की बात है जी, कि सबसे ज्यादा ट्रम्प चालें सहने वाले अमेरिका में कितने ही मामलों में हमारी नक़ल की जा रही है। हमारे आम और प्रसिद्ध लोगों की तरह, वहां के प्रभावशाली, प्रतिभाशाली और दूसरे लोग भी टोने टोटकों पर काफी भरोसा करने लगे हैं। कोई ऑनलाइन तांत्रिक को साध रहा ताकि उसकी शादी के दिन मौसम सुहावना रहे। करियर, प्रेम, रिश्ते और ज़िंदगी की दूसरी परेशानियां दूर करने के लिए मदद ली जा रही है। दिलचस्प यह है कि अंधविश्वास को, 'एंटरटेनमेंट सर्विस' नाम दिया जा रहा है लेकिन हमारे यहां यह रोज़मर्रा ज़िंदगी का ज़रूरी और संजीदा हिस्सा है। अब यह तो होता ही है कि जिस डाक्टर की दवाई रास आ जाए वही बढ़िया। टोने टोटके या मंत्र जाप से ख़ास दिन मौसम ठीक रहे तो वाह वाह। बात तो ठीक है जी, शादी या जन्मदिन के उत्सव में खर्च बहुत होता है। उस दिन मौसम साथ न दे तो ज़िंदगी उदास हो जाती है जी। कई बार अंधविश्वास पर विश्वास नहीं किया जाता, पूजा या जाप नहीं करवाते तो वक़्त ठीक नहीं रहता। फिर सोचते हैं काश कर लिया होता। जितनी सेवा की जाएगी, मेवा उतना ही मिलेगा जी। जितना पैसा उतनी सेवा हो सकती है जी। पूरी दुनिया में खतरा बढ़ रहा है, असुरक्षा का भाव व्याप्त है, युवा रिश्तों के असमंजस और बेरोजगारी की गिरफ्त में हैं। असली बुद्धि पर नकली बुद्धि का कब्ज़ा बढ़ता जा रहा है। करियर, नौकरी, मकान, स्वास्थ्य और विशेषकर पत्नी पति के आपसी रिश्तों की दुविधाएं नए नए रूप अख्तियार कर रही हैं। इच्छाएं बढ़ती जा रही हैं, स्वार्थ टकरा रहे हैं। इंसान सब जानते बूझते हुए आपसी, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक खतरों से खेल रहा है। ईएमआई ने आमदनी को टुकड़े - टुकड़े कर दिया है। सब दिख रहा है लेकिन देखना नहीं चाहते। चाहते हैं कोई दूसरा मदद कर सब ठीक कर दे लेकिन ऐसा कहां होता है। आत्मविश्वास पर भरोसा नहीं रहा जी। परहेज़ और व्यायाम करना नहीं चाहते। अंधविश्वास पर विश्वास कर रहे। यह भी तो एक व्यवसाय है जो मनोवैज्ञानिक संबल देता है। खुशी इस बात की है कि दुनिया में अब यह हमारी तरह हो रहा है। बदलता वक़्त साबित कर रहा है कि अंधविश्वास में विश्वास से ज़्यादा शक्ति होती है जी।



# इस बार हमारी सरकार ( व्यंग्य )

'इस बार आपकी सरकार' कहना अब सिर्फ नारा नहीं रहा। अब तो हमारी पार्टी की सरकार बन चुकी है अरे नहीं आप सब की सरकार आ गई है। हमने तो पहले ही योजनाबद्ध व्यवसायिक तरीकों से कयासों के रंग बिरंगे बाग़ लगवा दिए गए थे जिनमें समझदार जनता को खूब सैर करा दी गई थी। हमने सरकार बनाने के लिए यानी चुनाव जीतने के लिए बहुत मेहनत की। विवादवार में राजनीति का निम्न स्तर बनाए रखा। खूब वायदे बांटे जिनपर आम आदमी हर बार की तरह इस बार भी मुग्ध रहा। गज, फुट और इंच जैसे नेताओं के वायदे हज़म करने का अनुभव तो अब देश के हर व्यक्ति को है।

**दिग्गज दिमाग सरकार बना चुके हैं। मंत्रालयों से किस किस की गोद भराई होगी यह तय है। जिन अफसरान का तबादला होना है वे मानसिक व शारीरिक स्तर पर पूरी तरह तैयार हैं। उनके जाने के बाद हम अपनी टीम लाएंगे और वायदों के मुताबिक विकास करेंगे जिनमें आशा जगाऊ, ख़्वाब दिखाऊ शैली हमेशा की तरह समाहित की जाएगी।**

दिग्गज दिमाग सरकार बना चुके हैं। मंत्रालयों से किस किस की गोद भराई होगी यह तय है। जिन अफसरान का तबादला होना है वे मानसिक व शारीरिक स्तर पर पूरी तरह तैयार हैं। उनके जाने के बाद हम अपनी टीम लाएंगे और वायदों के मुताबिक विकास करेंगे जिनमें आशा जगाऊ, ख़्वाब दिखाऊ शैली हमेशा की तरह समाहित की जाएगी। इस चुनाव में जिनकी जमानतें ज़ब्त हुई उनके लिए हमारी संवेदनाएं हैं। विपक्षी राजनीति की चारित्रिक विशेषता और घोर आवश्यकताएं अभी भी बदली नहीं हैं। हमने तो हमेशा पार्टी और विकास, किसान और गरीबों के किए बढ़िया स्वादिष्ट योजनाएं पकाकर पेश की हैं। हमारी सरकार तो बन गई है लेकिन इस बार भी काफी लोगों ने पता नहीं हर किसी को वोट दिया। अब उन्हें मलाल रहेगा कि अच्छी आफर के बावजूद वे हमारे दल में शामिल क्यूं नहीं हुए। अभी भी कुछ नासमझ नागरिक बार बार लालच देने, आग्रह करने और उपहार देने के बावजूद वोट नहीं देते। शायद उन्हें किसी भी राजनीतिक पार्टी पर विश्वास नहीं रहा। कई हारे हुए घिसेपिटे, पुराने, धोखा खाए, पैसा लुटाए और साथसाथ शरीर तुड़वाए पूर्व राजनीतिज्ञ भी मानते हैं कि जिन नक्षत्रों में कुछ वोटरों ने जन्म लिया और जिन निम्न स्तरीय, नारकीय जीवन परिस्थितियों में जी रहे हैं, से उन्हें भगवान के सामने दिन रात की गई लाखों प्रार्थनाएं नहीं निकाल सकीं, विपक्ष में बैठे दिल के मैले व्यक्ति उनका भला कैसे सोच सकते हैं। अब हमारी सरकार है इसलिए हम सीना ठोककर कहते हैं कि इस बार फिर लोकतंत्र की जीत हुई क्यूंकि लोकतंत्र कभी नहीं हारता। हममें से ज़रूर कुछ लोग मिल कर लोकतंत्र को हराने में लगे रहते हैं। हम विश्वास के साथ कहते हैं कि देश के हर चुनाव में आशा, विश्वास, मानवता, धर्म की भी जीत होती है। इस बारे स्वतंत्र भारत के नए स्वर्णिम इतिहास पर विश्वास किया जा सकता है। हमारी सरकार झूठ साबित कर देगी कि अधिकतर नेताओं द्वारा भाग्य तो अपना, अपना, अपना, अपने वफादारों या सरमाएदारों का ही बदला जा सकता है। हम सबकी तकदीर बदल डालेंगे और बता देंगे कि असली भाग्य विधाता हमेशा की तरह ताक़त और पैसा ही नहीं है। हमारी सरकार में वक़्त और स्थितियों से लड़ने की हिम्मत है। हमारी, माफ़ करें आपकी अपनी सरकार के निर्माता जानते हैं कि उन्होंने विपक्ष की सभी प्रकार की धारणाओं को कैसे ध्वस्त करना है।

# समझदारों का निरोगी बचपन अभियान



स्वास्थ्य जैसे अस्वस्थ विषय पर बातचीत हमेशा होती रहती है। यह विषय पर्यावरण की तरह बहुत महत्त्वपूर्ण है। नियमित सेमीनार और शिविर होते हैं जिनमें प्रेरक भाषण होते हैं। सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को सघन प्रशिक्षण दिया जाता है। वह बात अलग है कि इस दौरान समझदार कर्मचारी अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक कार्य भी सम्पन्न कर लेते हैं।

यह बात बहुत ज़्यादा तारीफ़ के काबिल है कि पिछले कई दशकों से, बेचारे बचपन को निरोगी रखने के संजीदा प्रयास निरंतर किए जाते रहे हैं। यह कार्य एक अभियान की तरह लिया जाता रहा है ठीक उसी तरह जैसे कुछ महीने के बच्चे, बड़े होते बच्चे, मोबाइल फोन को अपनाने के अभियान में लगे होते हैं।

इस सन्दर्भ में उनके अभिभावक सरकारी योजनाओं की तरह, उनकी संजीदा मदद कर खुश हो रहे होते हैं। बचपन निरोगी अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वस्थ रखने, बेहतर पोषित करने, उनके परिवार को सशक्त बनाने के लिए ईमानदार कोशिश की जाती है। वह बात अलग है कि सामान्य हस्पताल में, चिकित्सक के कमरे के बाहर लगी कतार में गर्भवती महिलाओं के बैठने के लिए स्टूल तक नहीं होता ।

स्वास्थ्य जैसे अस्वस्थ विषय पर बातचीत हमेशा होती रहती है। यह विषय पर्यावरण की तरह बहुत महत्त्वपूर्ण है। नियमित सेमीनार और शिविर होते हैं जिनमें प्रेरक भाषण होते हैं। सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों को सघन प्रशिक्षण दिया जाता है। वह बात अलग है कि इस दौरान समझदार कर्मचारी अपने निजी, पारिवारिक, सामाजिक कार्य भी सम्पन्न कर लेते हैं। कई बार उन्हें आवश्यक राजनीतिक दायित्त्व निभाने के लिए, प्रशिक्षण अवधि से ही समय चुराना पड़ता है। इसका प्रशिक्षण उन्हें पहले से होता है।

ज़िम्मेदार विभागों के सदभाव, सहयोग, समन्वय और जागरूकता की मिसालें कायम हैं। हमारे यशस्वी इतिहास का हिस्सा हैं। इतिहास साक्षी है कि समझदार लोग अपना कर्तव्य भली भांति निष्पादित करने का, त्रुटि रहित पक्का रिकार्ड तैयार रखते हैं। इसे तैयार करने के लिए माहिर लोग प्रयोग किए जाते हैं जो यह जानते हैं कि शिशु के संसार में आते ही उसकी स्वास्थ्य जंग शुरू हो जाती है। प्रसव के लिए आर्थिक स्थिति के अनुसार ही प्रबंध हो पाता है। परिस्थितियां ही उनकी देखभाल करती हैं। जीवन शैली के कारण ही हर आम या ख़ास महिला के शरीर में कोई न कोई कमी, परेशानी या बीमारी रहती है। शायद इस सब का असर बच्चे पर भी पड़ता होगा। इस दौरान समझदारों का निरोगी बचपन अभियान जारी रहता है। साफ़ सुथरे और स्वस्थ आंकड़ों का हलवा भी पकाया जा रहा होता है।

दूसरे किस्म के माहिर लोग विज्ञापन तैयार कर रहे होते हैं। अभियान की योजनाएं बचपन पर आकर्षक, सुविधाजनक और लाभदायक रौशनी डालती है। जिनसे पता चलता है कि पैदा होने के बाद बच्चों के लिए उचित अंतराल पर लगने वाली वैक्सीन भी कतार में खड़ी होती हैं। उनसे यह भी पता चलता है कि कौन कौन सी बीमारी से बचाव होगा लेकिन यह तो भाग्य और आर्थिक परिस्थिति ही बताती है कि अमुक वैक्सीन किन किन नक्षत्रों में पैदा हुए शिशुओं को मिलने वाली है या किसी भी हालत में नहीं मिलने वाली है।

उधर भूख और स्वास्थ्य की ज़रूरत, परेशान हालात में किसी अंधेरे कोने में पड़ी होती है जिसे वास्तव में नीति और राजनीति नहीं देखना चाहती। हम यहां पर माताओं के कुपोषण बारे ज्यादा बात नहीं कर सकते क्यूंकि उनके लिए भी समझदार लोग हमेशा जागरूक रहते हैं। पुराने अभियान बेस्वाद होने पर नए अभियान स्वादिष्ट बना सकने की खिचड़ी पका रहे होते हैं।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप


NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682